# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अस्कोट (पिथौरागढ़)।

फैक्स नं0–05964–238724 E-mail- eepwdaskote@gmail.com


पत्रांक– 532 / 13 सी0 दिनांक 22–03–2017

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
वनप्रभाग पिथौरागढ़।

विषयः– जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट में बन्दरलीमा हड़खोला मोटर मार्ग के वनभूमि हस्तान्तरण (प्रस्ताव संख्या– 16041 / 2015) के सम्बन्ध में।

संदर्भः– वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा का पत्रांक 2162 / 12–1(2) अल्मोड़ा, दिनांक 19–1–2017।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में बिन्दुवार निम्नानुसार अवगत कराना है किः–

1. विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट में बन्दरलीमा से हड़खोला मोटर मार्ग में प्रारम्भिक सर्वेक्षण के समय दो वैकल्पिक समरेखणों में विचार किया गया था जिसमें एक समरेखण जो कि 4.00 किमी0 लम्बाई में प्रस्तावित है, ग्रामीणों की सहमति, न्यूनतम लम्बाई, भू–गर्भवेता की सहमति एवं बांज वृक्षों की कम संख्या प्रभावित होने के कारण उपयुक्त पाया गया एवं इस समरेखण पर अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, पिथौरागढ़ से अनुमोदन प्राप्त कर वनभूमि प्रस्ताव गठित किये गये। यह समरेखण पूर्व निर्मित बन्दलीमा–तौली चुफात–हड़खोला मोटर मार्ग के किमी0 1.00 के अन्तिम बिन्दु से प्रारम्भ होता है तथा उपरोक्त कारणों से सर्वथा उपयुक्त है।

   एक अन्य वैकल्पिक समरेखण जो कि बन्दरलीमा में बी0आर0ओ0 द्वारा निर्मित मोटर मार्ग से प्रारम्भ होकर हड़खोला गांव तक प्रस्तावित है। इस मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई अधिक होने, प्रस्तावित समरेखण से चुफात गांव के वंचित होने, अधिक हेयरपिन बैण्ड होने एवं बॉच वृक्षों की संख्या अधिक होने से प्रस्तावित नही किया गया है। उक्त के अतिरिक्त अन्य किसी वैकल्पिक समरेखण से ग्रामवासियों को कोई लाभ नही हो रहा है एवं ग्रामीण अन्य किसी वैकल्पिक समरेखण से सहमत नही हैं।

   अतः पूर्व में प्रस्तावित समरेखण पर विचार किये जाने हेतु अपनी संस्तुति प्रेषित करने का कष्ट करें।

2. समरेखण मानचित्र की मूल एवं स्पष्ट प्रति इस कार्यालय के पत्रांक 116 / 13 सी0 दिनांक 1–2–2016 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा प्रस्ताव की हार्ड कॉपी के साथ वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा के कार्यालय में दिनांक 2–2–2016 को व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराई जा चुकी है एवं मानचित्र की स्पष्ट प्रति दिनांक 18–3–2017 को पुनः ऑनलाईन अपलोड की जा चुकी है।

   अतः कृपया उक्त प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति से वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा को अवगत कराने का कष्ट करें।

22/3/17

(इं ए०बी० काण्डपाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो०नि०वि०,
अस्कोट (पिथौरागढ़)

पत्रांक / तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो०नि०वि०,
अस्कोट (पिथौरागढ़)

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# निर्माण खण्ड,लो०नि०वि०,अस्कोट (पिथौरागढ़)।

फैक्स नं0—05964—238724 E-mail- eepwdaskote@gmail.com


पत्रांक— 116 /13सी0 दिनांक 1 — 2 2016

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
अल्मोड़ा।

विषयः— माननीय मुख्यमन्त्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में निम्नलिखित मोटर मार्गो के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की हॉर्ड कॉपी प्रेषण के सम्बन्ध में।

उपरोक्त मोटर मार्गो के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की हार्डकॉपी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

1. माननीय मुख्यमन्त्री घोषणा संख्या— 216 / 2014 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में लुम्ती मोटर मार्ग से मल्ला लुम्ती मोटर मार्ग। (FP/UK/ROAD/15033/2015 ON LINE date 28-8-2015)
2. माननीय मुख्यमन्त्री घोषणा संख्या— 215 / 2014 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में लुम्ती से घुरड़ी—मनकोट मोटर मार्ग।(FP/UK/ROAD/15038/2015 ON LINE date 29-8-2015)
3. माननीय मुख्यमन्त्री घोषणा संख्या— 236 / 2014 के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में स्यांकुरी से खेला तक मोटर मार्ग।(FP/UK/ROAD/15040/2015 ON LINE date 29-8-2015)
4. मुख्यमन्त्री सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ के विकासखण्ड धारचूला में गौ से तेदांग—सीपू—गार्छा तक मोटर मार्ग।(FP/UK/ROAD/15042/2015 ON LINE date 29-8-2015)
5. जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट में बन्दरलीमा हड़खोला मोटर मार्ग, (FP/UK/ROAD/16041/2015 ON LINE date 14-10-2015)

संलग्नः— प्रस्ताव 01—01 प्रति में।

(इं0 पी0सी0 पन्त)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0,
अस्कोट(पिथौरागढ़)

2/2/2016

पत्रांक /13 सी0 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः— अधीक्षण अभियन्ता, तृतीय वृत्त, लो0नि0वि0, पिथौरागढ़ को सूचनार्थ प्रेषित।

(इं0 पी0सी0 पन्त)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
अस्कोट(पिथौरागढ़)